# प्रेस नोट दिनांक 08.06.2025

# थाना बारादरी जनपद-बरेली

## थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा नाबालिग बच्ची के साथ अनैतिक कृत्य करने वाले अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर जिसकी नाल में खोखा कारतूस फंसा हुआ एवं 01 जिन्दा कारतूस बरामद

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 08.06.2025 को रात्रि समय 01.25 बजे वादिनी द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ उसके घर के ठीक सामने रहने वाले मुंहबोले चाचा **रफीक पुत्र नवी अहमद निवासी मो0 हजियापुर थाना बारादरी बरेली** ने अपने घर मोबाइल देखने के बहाने बुलाकर अनैतिक कृत्य करने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 0589/2025 धारा 74 बीएनएस व 5(M)(6) पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर पीड़िता बच्ची को चिकित्सकीय जांच हेतु महिला अस्पताल के लिए रवाना किया गया। उक्त सनसनीखेज घटना में नामित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना बारादरी पुलिस टीम द्वारा बाईपास सड़क किनारे 99 बीघा के पास अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया तो उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया और भागने की कोशिश की। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में अभियुक्त बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगने से घायल हुआ तथा मौके से घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया एवं कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर जिसमें फायर शुदा खोखा कारतूस फंसा हुआ एवं 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। अभियुक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल बरेली में भर्ती कराया गया है। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 0596/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। उपचार के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड बनवाकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**गिरफ्तार अभियुक्तः–** रफीक पुत्र नवी अहमद निवासी मो0 हजियापुर थाना बारादरी बरेली उम्र करीब 26 वर्ष

**पूछताछ की विवरणः-** पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह मूलरूप से ग्राम सहवाज पुर थाना सहसवान जनपद बदायूं का रहने वाला है। बचपन से ही उसके मां-बाप , 02 भाईयों व 03 बहनों के साथ मो0 हजियापुर थाना बारादरी बरेली में नूरजहां के मकान में किराये पर रह रहा है। मेरे एक भाई व एक बहन की शादी हो गयी है तथा मैं अभी अविवाहित हूँ, कारचोबी का काम करता हूं, जब कारचोबी का काम करके शाम को घर लौटता था, तो अक्सर हमारे घर उपरोक्त नाबालिग बच्ची आकर मोबाइल मांगकर देखती थी, मुझे वह चाचा कहती थी, मैं मना भी नहीं करता था। कल शाम को जब मैं कारचोबी के काम से लौटा और लेटकर मोबाइल देखने लगा तो उसी दौरान बच्ची आकर मेरे पास बैठकर मोबाइल देखने लगी। देखते- देखते ही मेरा मन खराब हो गया और मैंने उसके साथ जबरदस्ती की। जब वह रोने लगी तो उसे टॉफी देकर डरा-धमका कर,कि किसी को नहीं बताना, उसके घर भेज दिया, जब घर वालों को कई घण्टे बाद जानकारी हुई तो मुझे तलाश करने लगे तब मैं घर से भाग गया था और हिमाचल प्रदेश भागने की फिराक में था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

**बरामदगीः-**

01 तमंचा नाजायज 315 बोर,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर ,01 फंसा हुआ खोखा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीमः-**

1.प्र0नि0 श्री धनन्जय कुमार पाण्डेय थाना बारादरी बरेली
2.निरी0अपराध अरविन्द कुमार थाना बारादरी बरेली।
3.व0उ0नि0 रोहित शर्मा थाना बारादरी बरेली
4.उ0नि0 कुशलपाल सिंह चौकी प्रभारी मॉडल टाउन थाना बारादरी बरेली
5.उ0नि0 मोहित मावी थाना बारादरी बरेली।
6.हे0का0 534 आशीष प्रताप सिंह थाना बारादरी बरेली
7.का0 2893 सिद्धान्त चौधरी थाना बारादरी बरेली।
8.हे0का0 1054 विशाल कुमार थाना बारादरी बरेली।
9.का0 3318 निखिल तोमर थाना बारादरी बरेली।